## एक नजर में

### कलेक्टर ने श्रीकृष्णा शासकीय गौशाला का किया निरीक्षण



**मंदसौर।** कलेक्टर अदिती गर्ग ने ग्राम पंचायत सेमलिया हीरा में स्थित श्रीकृष्णा शासकीय गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गाय के बछड़े की पूजा कर उसे गुड़ खिलाया तथा गौशाला में उपस्थित अन्य गायों को भी चारा खिलाया। कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने गौशाला परिसर का अवलोकन करते हुए गायों के बैठने की व्यवस्था, चारे एवं पेयजल की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने कचरा प्रबंधन को और अधिक बेहतर करने के निर्देश देते हुए कहा कि गांव का कचरा गांव में ही रहे तथा उसका समुचित प्रबंधन किया जाए। इसके साथ ही गौशाला के समीप स्थित तालाब के चारों ओर पौधारोपण करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पशु चिकित्सा विभाग से नियुक्त डॉक्टर से चर्चा कर गौशाला में नियमित रूप से पहुंचकर गायों के उपचार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गौशाला की आय बढ़ाने पर भी जोर देते हुए कहा कि इसके लिए नवाचार किए जाएं। गौशाला के सुव्यवस्थित एवं बेहतर संचालन पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रशंसा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अनुकूल जैन, वन मंडल अधिकारी संजय राय खेरे, जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसुनवाई, 25 आवेदकों की शिकायतों का किया त्वरित निराकरण



**मंदसौर।** आमजन की शिकायतों के त्वरित एवं विधिसंगत निराकरण के उद्देश्य से जिला पुलिस कंट्रोल रूम मंदसौर में मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा ने जनसुनवाई के दौरान कुल 25 आवेदकों की शिकायतें स्वयं सुनते हुए संबंधित थाना एवं चौकी प्रभारियों को तत्काल एवं विधिसंगत कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंदसौर टी.एस. बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ श्रीमती हेमलता कुरील, नगर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र भास्कर, एसडीओपी मंदसौर ग्रामीण श्रीमती कीर्ति बघेल, एसडीओपी मल्हारगढ़ नरेंद्र सोलंकी एवं एसडीओपी गरोठ विजय यादव भी उपस्थित रहे। पुलिस अधिकारियों द्वारा आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए संबंधित अनुभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस प्रशासन ने आमजन को भरोसा दिलाया कि शिकायतों के शीघ्र एवं निष्पक्ष निराकरण हेतु जनसुनवाई का आयोजन नियमित रूप से जारी रहेगा।

# हर्षोल्लास के साथ समारोहपूर्वक मनाया गणतंत्र दिवस

- मुख्य अतिथि एवं कलेक्टर अदिती गर्ग ने झंडा वंदन कर ली परेड की सलामी





**मंदसौर।** जिले में 77 वां गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में समारोहपूर्वक मनाया गया। जिलास्तरीय मुख्य कार्यक्रम स्थानीय राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय के क्रीड़ा परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कलेक्टर अदिती गर्ग ने झंडा वंदन किया तथा परेड की सलामी ली।

जिलास्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर गर्ग द्वारा मुख्यमंत्री जी का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया गया। संदेश वाचन के पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़े गए।

इस अवसर पर सांसद बंशीलाल गुर्जर, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार, मंदसौर विधायक विपिन जैन, पूर्व मंत्री कैलाश चावला, जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित, पूर्व विधायक सिसोदिया, नगर पालिका अध्यक्ष रमा देवी बंशीलाल गुर्जर, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अनुकूल जैन, एएसपी तेरसिंह बघेल, न्यायाधीशगण, जिला अधिकारीगण, पार्षदगण, मीडिया प्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित रहे।

जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में 15 प्लाटून विशेष सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल पुरुष, जिला पुलिस बल महिला, जिला होमगार्ड बल, एनसीसी सीनियर डिवीजन बॉयज, एनसीसी सीनियर डिवीजन गर्ल्स, एनएसएस, एनसीसी जूनियर डिवीजन सेंट थॉमस,

एनसीसी जूनियर डिवीजन सरदार वल्लभभाई पटेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2, एनसीसी जूनियर डिवीजन उत्कृष्ट स्कूल, स्काउट उत्कृष्ट स्कूल, गाइड दल सांदीपनि हायर सेकेंडरी स्कूल मंदसौर, शौर्यदल महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल, रेड क्रॉस शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बालागंज एवं फ्रंटलाइन वर्कर, पुलिस बैंड द्वारा आकर्षक परेड आयोजित की गई।

सधी हुई परेड में सीनियर डिवीजन में प्रथम पुरस्कार एनसीसी सीनियर डिवीजन बॉयज, द्वितीय पुरस्कार जिला पुलिस बल महिला एवं तृतीय पुरस्कार जिला होमगार्ड बल को प्रदान किया गया। जूनियर डिवीजन में प्रथम पुरस्कार एनसीसी जूनियर डिवीजन सरदार वल्लभभाई पटेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2, द्वितीय पुरस्कार एनसीसी सेंट थॉमस तथा तृतीय पुरस्कार स्काउट एवं गाइड सांदीपनि हायर सेकेंडरी स्कूल मंदसौर को दिया गया। विभिन्न विद्यालयों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में प्रथम पुरस्कार सेंट थॉमस स्कूल एवं द्वितीय पुरस्कार वात्सल्य पब्लिक स्कूल मंदसौर को प्रदान किया गया। महावीर व्यायाम शाला द्वारा मलखंब की आकर्षक प्रस्तुति तथा आईपीएस इंग्लिश स्कूल द्वारा मार्शल आर्ट का शानदार प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सिविल डिफेंस एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं।

डिप्टी चीफ वार्डन डॉ. हिमांशु यजुर्वेदी एवं उनकी टीम द्वारा सांप के काटने से बचाव एवं आकाशीय बिजली से सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं पर आधारित आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं। झांकियों में प्रथम पुरस्कार आपदा प्रबंधन विषय पर आधारित होमगार्ड विभाग को, द्वितीय पुरस्कार महिला एवं बाल विकास विभाग को तथा तृतीय पुरस्कार स्काउट शिक्षा विभाग को प्रदान किया गया।

मुख्य अतिथि कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग द्वारा लोकतंत्र सेनानी का शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम के समापन पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, साहसिक कार्य करने वाले नागरिकों एवं विभागों को शील्ड, प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जे. के. जैन द्वारा किया गया।



### सुशासन भवन में कलेक्टर ने किया झंडा वंदन

**मंदसौर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने सुशासन भवन में झंडा वंदन किया। इस अवसर पर राष्ट्रगान के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा गणतंत्र दिवस की गरिमा के अनुरूप कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर गर्ग ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए संविधान के मूल्यों का पालन करने और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

**एक नजर** — जनप्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों के साथ किया विशेष मध्यान भोजन

### ग्राम सेमलिया हीरा के शासकीय विद्यालय में हुआ विशेष मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम



**मंदसौर।** गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने ग्राम सेमलिया हीरा में शासकीय स्कूल में मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में भाग लिया। सबसे पहले उन्होंने सभी बच्चों को गणतंत्र दिवस की बहुत सारी शुभकामनाएं प्रदान की। इस दौरान मंदसौर विधायक विपिन जैन, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा, नानालाल अटोलिया सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधि, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन, बड़ी संख्या में स्कूल के विद्यार्थी, ग्रामीण जन, पत्रकार मौजूद थे।

मध्यान भोजन कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने विद्यालयीन बच्चों को 26 जनवरी की शुभकामनाएं प्रदान कीं। उन्होंने कहा कि प्रतिभा और परिश्रम से व्यक्ति जो चाहे वह हासिल कर सकता है। कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें यह याद दिलाता है कि यह स्वतंत्रता और अधिकार हमें बड़ी कठिनाइयों के बाद प्राप्त हुए हैं। अपने विचारों, कल्पनाशक्ति और पढ़ाई के माध्यम से आने वाले भविष्य को स्वर्णिम बनाया जा सकता है। उन्होंने शासकीय विद्यालयों की सराहना करते हुए कहा कि सरकारी स्कूलों में विशेष अपनापन और सकारात्मक माहौल होता है। सभी मिलजुलकर स्कूल को आगे बढ़ाते हैं तथा बच्चों को बेहतर शैक्षणिक एवं सामाजिक वातावरण मिलता है।

## नीमच

## एक नजर में

### गणतंत्र दिवस पूर्ण उत्साह के साथ मनाया



**रामपुरा।** नगर में गणतंत्र दिवस पूर्ण उत्साह के साथ मनाया गया कार्यक्रम का प्रारम्भ प्रात: 8 :30 बजे सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की रैली के रूप में पुराना नगर परिषद प्रांगण में एकत्रित हुई। जहाँ से बैंड एवं घोष की धुन पर प्रभात फेरी प्रारंभ हुई जो इस दौरान विद्यालय के बच्चों द्वारा देशभक्ति नारों से यात्रा मार्ग को गुंजायमान करते हुए चल रहे थे। संपूर्ण नगर का भ्रमण करते हुए प्रभात फेरी दशहरा मैदान पहुंची। जहां नगर परिषद अध्यक्षा श्रीमती सीमा जितेंद्र जागीरदार द्वारा ध्वजा तोलन किया गया एवं रामपुरा पुलिस के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री का संदेश वाचन पार्षद श्रीमती रचना विजय दानगढ़ ने किया इसी के साथ विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट के माध्यम से तिरंगे को सलामी दी गई! इसके बाद नगर की शैक्षणिक संस्थाओं के बालक बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए!, अंत में प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं उत्कृष्ट प्रस्तुति के विद्यालयों को पुरस्कार वितरण किया गया !इस अवसर पर मीसा बंदी एवं शहिद की धर्मपत्नी को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार रामपुरा, थाना प्रभारी रामपुरा, एवं सभी विद्यालयो के छात्र-छात्राएं, नगर के गणमान्य नागरिक, पत्रकार बंधु तथा नगर परिषद के कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन अजय विश्वास जोशी सहित अमिताभ उचाना के द्वारा किया गया। एवं कार्यक्रम का आभार व्यक्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी के एल सूर्यवंशी द्वारा व्यक्त किया गया।

### बैंबू मैन कमलाशंकर विश्वकर्मा को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रभारी मंत्री ने किया सम्मानित



**मनासा/नीमच।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जिला मुख्यालय पर आयोजित समारोह में आनन्द विभाग, मप्र शासन एवं राज्य आनंद संस्थान के निर्देशन में आनंदम सहयोगी (स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर) के रूप में विशिष्ट उल्लेखनीय कार्य करने के लिए 'बैंबू मैन' के नाम से विख्यात भाटखेड़ी गांव के कृषक एवं सामाजिक कार्यकर्ता कमलाशंकर विश्वकर्मा को जिले की प्रभारी मंत्री एवं महिला बाल विकास कैबिनेट मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक माधव मारू, दिलीप सिंह परिहार, ओमप्रकाश सकलेचा, जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जनसिंह चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा, कलेक्टर हिमांशु चंद्रा एवं एसपी अंकित जायसवाल की उपस्थिति में सम्मानित किया।

### एक आरोपी तीन माह तक थाना हाजरी का आदेश

**नीमच।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा म.प्र.राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा-5(क,ख) के तहत आरोपी फिरोज पिता शकावत निवासी एकता कालोनी बघाना, पुलिस थाना बघाना को तीन माह के लिए सदाचार बनाये रखने के लिए पुलिस थाना बघाना में सप्ताह में एक दिन थाना हाजरी का आदेश जारी किया गया है।

# निलंबित संविदा वार्डन को पद से पृथक करने के दिए निर्देश

- कलेक्टर ने दिए हरवार की बालिका छात्रावास में उपस्थित नहीं होने वाली वार्डन को निलंबित करने के निर्देश दिए




**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जनसुनवाई करते हुए आवेदकों की समस्याएं सुनी और उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में कस्तुरबा बालिका छात्रावास हरवार की पूर्व में शिकायत के आधार पर निलंबित की गई, संविदा वार्डन को पद से पृथक करने के निर्देश कलेक्टर ने जिला परियोजना समन्वयक को दिए है। हरवार छात्रावास की छात्राओं ने मंगलवार को जनसुनवाई में छात्रावास में अधीक्षक नहीं होने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर कलेक्टर ने हरवार छात्रावास में नव पदस्थ की गई वार्डन द्वारा कार्य भार गृहण नहीं करने पर नव पदस्थ वार्डन को निलंबित करने के निर्देश भी जिला शिक्षा अधिकारी को दिए है।

जनसुनवाई में खजुरी मनासा की शंकुतला बाई ने पति की कृषि कार्य करते हुए 16 जून 2025 को करंट लगने में मृत्यु हो जाने पर मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के तहत आर्थिक सहायता दिलाने के आवेदन पर कलेक्टर ने पीडित महिला को तत्काल मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के तहत आर्थिक सहायता स्वीकृत करने के निर्देश उप संचालक कृषि नीमच को दिए तथा एडीएम उक्त प्रकरण का फालोअप करने के भी निर्देश दिए है।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री बी.एस.कलेश, जिला पंचायत सीईओ श्री पराग जैन, एसडीएम नीमच श्री संजीव साहू सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में रामपुरा की बालीबाई, मंदसौर की पुष्पा चौहान, दामोदरपुरा के मोतीलाल, बघाना के रफीक खान, बरखेडा के जगदीशचंद्र, बरलाई की ललिताबाई, महागढ के उम्मेदसिह, कालूसिह, नीमच की अनिता कुंवर, साकरियाखेडी के जुगल किशोर, सेमार्डा के भगवानलाल, सेमलीचक के गोविंद पाटीदार ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

इसी तरह नीमच के राकेश शर्मा, पालराखेडा के अमृत नागदा, रूपपुरा के मांगुसिह, मेडकी के नन्दकिशोर, खोर के मदनलाल, आत्रीमाता की इंद्राबाई, धनेरिया रोड बघाना के विक्रम राठौर, कुमारिया विरान की कलाबाई, घसुण्डी जागीर के भरत मीणा, चौथखेडा के कैलाश, सरवानिया महाराज के महेश सैनी, पालसोडा के राधाकिशन, सेदरिया के दीपक, बर्डिया जागीर की सुनीताबाई, कचौली के इमरान ने भी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तुत किए। जिस पर संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।



### गणतंत्र दिवस पर जिले के सभी विद्यालयों में विशेष भोज संपन्न

**नीमच।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर नीमच जिले के सभी विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन के तहत विद्यार्थियों के लिए विशेष भोज का आयोजन किया गया। प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने ग्राम गिरदौड़ा के विद्यालय में आयोजित विशेष भोज में सम्मिलित होकर, विद्यार्थियों के साथ बैठकर, भोजन ग्रहण किया।

इस मौके पर सांसद श्री सुधीर गुप्ता, जावद विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा, विधायक नीमच श्री दिलीपसिह परिहार, मनासा विधायक श्री अनिरूद्ध मारू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जनसिह चौहान, जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल एवं अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं एसपी श्री अंकित जायसवालसहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों ने भी मध्यान्ह भोज के तहत आयोजित विशेष भोज में शामिल होकर विद्यार्थियों के साथ भोजन ग्रहण किया।

जिले में गणतंत्र दिवस पर सभी विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन के तहत विद्यार्थियों के लिए विशेष भोज आयोजित किया गया। विशेष भोज में विद्यार्थियों को खीर, पुरी, सब्जी, एवं लड्डू परोसा गया। प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, ने गिरदौडा की आंगनवाडी में बच्चों को न्यूट्री बास्केट वितरित की। गिरदौडा के आंगनवाडी केंद्र पहुचते ही प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया एवं अतिथियों का कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंटकर, स्वागत किया। आंगनवाडी केंद्र में कार्यकर्ताओं द्वारा बनाई गई आकर्षक रंगोली का अतिथियों ने अवलोकन कर सराहना की।

**एक नजर** — श्री नवकार सेवा संस्थान की महिलाओं ने बांटी मिठाई

# नीमच जिला जेल में गणतंत्र दिवस पर देशभक्ति तरानों पर झूमे बंदी




**नीमच।** 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर नीमच जिला जेल परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। इस राष्ट्रीय पर्व को जेल प्रशासन द्वारा पूरे अनुशासन, गरिमा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: 9 बजे जेलर नारायण सिंह राणा द्वारा ध्वज फहरा कर हुई। इसके पश्चात उन्होंने राष्ट्रध्वज को सलामी दी और सभी बंदियों एवं सजायाफ्ता कैदियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं।

ध्वज फहराने के बाद जेल परिसर में विशेष रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 'तूफान ऑर्केस्ट्रा' के कलाकारों ने देशभक्ति गीतों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। 'ऐ मेरे वतन के लोगों', 'संदेसे आते हैं' और 'वंदे मातरम्' जैसे तरानों पर बंदी भाव-विभोर होकर झूम उठे। रोजमर्रा की तय दिनचर्या और अनुशासन से हटकर आयोजित इस रंगारंग कार्यक्रम ने बंदियों के चेहरों पर मुस्कान और मन में उत्साह भर दिया। पूरा वातावरण देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत नजर आया।

इस अवसर पर श्री नवकार सेवा संस्थान नीमच द्वारा बंदियों के लिए विशेष मिष्ठान वितरण किया गया। शाखा की संस्थापक अध्यक्ष कल्पना मोगरा ने कैदियों से योग, प्राणायाम व मेडिटेशन की अनिवार्यता पर बल देते हुए कहा कि इनके प्रतिदिन अभ्यास से उनमें साकारात्मकता का विकास हो जीवन खुशहाल बनेगा इस हेतु आपने जेलर साहब से इसकी अतिशीघ्र व्यवस्था करने का निवेदन किया जिससे कि कैदियों में साकारात्मकता का विकास हो सके! मन पवित्र, निर्मल और शांत हो कर सही निर्णय ले सके! आपने कैदियों के मंगल की कामना करते हुए कहा कि एक शुभ मंगल सवेरा आप सभी का इंतज़ार कर रहा है बस हिम्मत से काम लेते हुए सकारात्मक बने रहें! आप फिर से अपने परिवार और स्नेहीजनो के सम्मानजनक जीवन जी सके इस हेतु सम्मानजनक कार्य करते रहें! अध्यक्ष माया विरवाल ने अपने विचार व्यक्त किया। श्री नवकार सेवा संस्थान की सदस्यों ने बंदियों से संवाद करते हुए उन्हें सामाजिक सरोकारों से जुड़ने, बुरी आदतों को त्यागने और समाज की मुख्यधारा में लौटकर एक सामान्य जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। मिष्ठान वितरण के साथ-साथ संस्थापक अध्यक्ष ने साकारात्मक सोच और आत्मपरिवर्तन का संदेश भी दिया, जिसे बंदियों ने गंभीरता से सुना इस अवसर पर जिला नीमच जिला जेल के जेलर नारायण सिंह राणा, समाजसेवी भारत जाजू, सतीश भटनागर पारस धाकड़ महेश शर्मा, अनिल जैन, कमला मोगरा, कृष्णा चेलावत, संतोष चौहान, मंजू मेहता, प्रीति छिगावत, रेणु चौधरी, राजकुमारी चंडालिया, नमिता कोठारी, मधु राठौर, प्रियंका वीरवाल, संतरा वीरवाल, सिद्धि सहित जेल स्टाफ और महिला एवं पुरुष बंदी मौजूद रहे।